1	2	3
	4. तमिलनाडु	18.45
	5. लक्षदीप	13.30
	6. पांडिचेरी	18.45
पूर्वी क्षेत्र	1. बिहार	21.50
	2. उड़ीसा	23.99
	3. सिक्किम	23.36
	4. पश्चिमी बंगाल	21.58
	5. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	16.15
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र	1. असम	21.58
	2. मणिपुर	20.80
	3. मेघालय	10.90
	4. नागालैंड	18.00
	5. त्रिपुरा	30.00
	6. अरुणाचल प्रदेश	27.60
	7. मिजोरम	29.00
अखिल भारत (यूटिलिटीज)		-उ. न.-

समुद्रीय ऊर्जा का उपयोग

413. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 24 मई, 1990 के "दि हिन्दू" में "ओशन एनर्जी एक्सप्लायटेशन आन एन्विल" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि विभिन्न अध्ययन दलों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों में समुद्रीय ऊर्जा पर आधारित परियोजनायें स्थापित करने का समर्थन किया गया है ;

(ग) यदि हां, तो क्या देश में समुद्रीय ताप ऊर्जा परिवर्तन संयंत्र स्थापित करने के संबंध में कोई कार्यवाही की गयी है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और देश में इस तकनीक से ऊर्जा उत्पादन कब तक शुरू होने की संभावना है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बाबनराव ढाकणे) : (क) जी हां।

(ख) महासागर ऊष्मा ऊर्जा रूपांतरण प्रौद्योगिकी अपनी वर्तमान स्थिति में तकनीकी आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं समझी जाती है हालांकि एक विशेषज्ञ दल की राय है कि यह भविष्य में व्यवहार्य हो सकेगी।

(ग) और (घ) देश में अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता के सृजन के लिये अनुभव किये जा रहे गंभीर वित्तीय दबावों के कारण आठवीं योजना के दौरान किसी महासागर ऊष्मा ऊर्जा

रूपांतरण प्रायोगिक संयंत्र को कोई प्राथमिकता देने की गुंजाइश नहीं है ।

Utilisation of Lignite found in South Arcot district and Pondichery

414. SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Will the Minister of ENERGY be pleased to state the steps taken to utilise the lignite deposits found in Jayamkondam (South Arcot district) and adjacent areas in Tamilnadu and some places in Pondicherry?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI KALYAN SINGH KALVI): Neyveli Lignite Corporation is at present carrying out detailed Geological exploration for lignite in the Jayamkondam area in Tirchy district and adjacent areas in South Arcot District in Tamilnadu and Bahur Area in Pondicherry. Hydrological investigations for safe mining of lignite is yet to be initiated by NLC. Feasibility report/project report will be prepared only after completion of these investigations for training of lignite and setting up a power sttaion.

राजस्थान में विद्युत उत्पादन के लिये नई योजनाएं

415. **डा. अबरार अहमद :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में विद्युत उत्पादन के लिये कौन-कौन सी योजनायें केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन हैं तथा ये कब तक पूरी हो जायेंगी ;

(ख) वर्तमान में बनाई जा रही नई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ग) राजस्थान में इस समय विद्युत की कुल खपत कितनी है और उत्पादन कितना किया जा रहा है ; और

(घ) क्या यह सही है कि विद्युत की कमी से राजस्थान के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बाबन राव ढाकणे) : (क) और (ख) राज्य क्षेत्र की स्कीमों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है । **(नीचे देखिए)**

(ग) अप्रैल, 90 से नवम्बर, 90 की अवधि के दौरान 7170 मि.यू. की मांग की तुलना में विद्युत की उपलब्धता 7065 मि.यू. थी जिसके परिणामस्वरूप 105 मि०यू० (1.5%) की सीमांत कमी रही ।

(घ) विकास संबंधी प्रक्रिया अनेक पहलुओं पर निर्भर करती है और विद्युत की कमी इनमें से एक है ।

विवरण

क्र.सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मेगा.)	अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)	वर्तमान स्थिति
1	2	3	4	5
ताप विद्युत				
1.	सूरतगढ़ चरण–I	2×250=500	1253.3	केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा यह स्कीम तकनीकी आर्थिक दृष्टि से ठीक पाई गई है, बशर्ते